साप्ताहिक
# केशरी दर्पण
RNI. No. UPHIN/2010/36806
w w w.kesharidarpan.com
शख्सियत/प्रमुखता
www.kesharidarpan.com
सम्पादकः सुभाष चन्द
मो. 9837749557
सच्चाई सामने होगी
वर्षः16, अंकः 39 E-mail: subhashchand4@gmail.com बागपत, सोमवार, 19 से 25 अटूबर 2026 (पृष्ठः4) मूल्य 3 रुपया.

## प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत देशभर में 18093 आदर्श ग्राम घोषित

**सपना कश्यप/एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत देशभर में 18093 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है, जबकि योजना के अंतर्गत 785 छात्रावासों का निर्माण पूरा हो चुका है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार, आदर्श ग्राम घटक के तहत 47200 से अधिक गांवों को शामिल किया गया है, जिससे 47.79 लाख से अधिक नागरिकों को लाभ मिला है।

अब तक 46,944 विकास कार्य पूरे किए गए हैं और 27,032 ग्राम विकास योजनाएं तैयार की गई हैं। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल गांवों में बुनियादी ढांचे, आवश्यक सेवाओं और

**इसके तीन प्रमुख घटक हैं, आदर्श ग्राम विकास, सामाजिक-आर्थिक परियोजनाओं के लिए अनुदान और छात्रावासों का निर्माण एवं मरम्मत।**

आजीविका के अवसरों को बेहतर बनाकर उन्हें आदर्श गांवों के रूप में विकसित करना है। इसके तीन प्रमुख घटक हैं, आदर्श ग्राम विकास, सामाजिक-आर्थिक परियोजनाओं के लिए अनुदान और छात्रावासों का निर्माण एवं मरम्मत।

मंत्रालय ने बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान अनुदान घटक के तहत राज्यों को लगभग 1,730 करोड़ रुपये जारी किए गए। इससे 2.5 लाख से अधिक व्यक्तियों और समूहों को कौशल विकास तथा आजीविका संबंधी अवसर मिले। सितंबर 2026 तक 785 छात्रावास पूरे हो चुके हैं। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए दो छात्रावास परियोजनाओं हेतु 61.46 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता आवंटित की गई है। इनमें एक छात्रावास लड़कियों और दूसरा लड़कों के लिए होगा, जिनमें कुल 264 विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था होगी।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को ताजिकिस्तान में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

**विशाल कश्यप/एजेंसी, नई दिल्ली।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को ताजिकिस्तान के दुशांबे में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन के शासनाध्यक्षों की परिषद की 25वीं बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक में एससीओ के सदस्य देशों के बीच बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा।

व्यापार, अर्थव्यवस्था, निवेश, संपर्क, नवाचार और सांस्कृतिक-मानवीय आदान-प्रदान के क्षेत्र शामिल होंगे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत एससीओ के विभिन्न तंत्रों में सक्रिय रूप से भागीदारी करता रहा है और स्टार्टअप व नवाचार, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तथा लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसी पहलों के जरिये क्षेत्रीय सहयोग में योगदान दे रहा है।

बैठक में इस मंच पर सहयोग पहलों की प्रगति की समीक्षा किए जाने और संगठन के वित्तीय व संस्थागत कामकाज से जुड़े फैसलों पर विचार किए जाने की भी उम्मीद है।

मंत्रालय ने कहा कि बैठक से भारत को संगठन के भीतर व्यावहारिक और परस्पर लाभकारी सहयोग को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर एससीओ के अन्य सदस्य देशों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलेगा। शासनाध्यक्षों की परिषद की पिछली बैठक पिछले वर्ष 18 नवंबर को मास्को में हुई थी। उसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

## दिल के दौरे में सीपीआर से मरीज की जान बचने की संभावना

**विशाल कश्यप/एजेंसी, नई दिल्ली।** कार्डियक अरेस्ट या दिल के दौरे की स्थिति में समय पर सीपीआर मिलने से मरीज की जान बचने की संभावना बढ़ सकती है। सही प्रशिक्षण न होने पर कई बार लोग मदद के लिए आगे आने के बावजूद सही तरीके से सीपीआर नहीं दे पाते। इसी चुनौती से निपटने के लिए वाशिंगटन विश्वविद्यालय में पढ़ रहे भारतीय मूल के चार छात्रों ने बटुए के आकार का एक छोटा-सा पैच विकसित किया है।

यह उपकरण सीपीआर देते समय छाती पर दबाव डालने की सही जगह, गति और गहराई के बारे में दृश्य संकेत देता है। इस नवाचार को इस वर्ष कॉलेजिएट इन्वेंटर्स प्रतियोगिता की स्नातक श्रेणी में पहला पुरस्कार और 10,000 डॉलर की राशि मिली है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस पैच को शुभम बंसल, प्रिशा हेमानी, दीया शर्मा और निखिता वद्दिनेनी ने त्रिस्टन जाफरी के मार्गदर्शन में विकसित किया है।

**केशरी दर्पण समाचार पत्र के पत्रकार बने**

भारत के किसी भी जनपद, तहसील या थाना क्षेत्र में केशरी दर्पण समाचार पत्र के पत्रकार बनने के लिए संपर्क करें। आप केशरी दर्पण समाचार पत्र की वेबसाइट से भी के माध्यम से भी पत्रकार बन सकते हैं। समाचार पत्र की वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करें लॉगिन करें आप स्वयं केसरी दर्पण समाचार पत्र की वेबसाइट पर समाचार फोटो आदि भी अपलोड कर सकते हैं। बागपत में पत्रकार नितिन कुमार सिंह के सहयोगी श्री आयन जी ( मो. 7906201662 ) होंगे।

निवेदक-सुभाष चंद, संपादक, केशरी दर्पण ( हिंदी साप्ताहिक ) 9837749557

w w w.kesharidarpan.com

नेशनल इन्वेंटर्स हॉल ऑफ फेम के अनुसार, यह एक छोटा और एक बार इस्तेमाल किया जाने वाला उपकरण है। इसमें लगी एलईडी लाइटें सीपीआर के दौरान दबाव डालने की सही जगह और कम्प्रेशन की गति व गहराई के बारे में संकेत देती हैं। चलाने के लिए स्मार्टफोन, मॉनिटर या किसी अन्य बाहरी उपकरण की जरूरत नहीं पड़ती।

सीपीआर शुरू करने से पहले पैच को मरीज की छाती की हड्डी यानी स्टर्नम पर लगाया जाता है। इसके बाद छाती पर दबाव डालते समय इसकी एलईडी लाइटें संकेत देती हैं कि कम्प्रेशन सही तरीके से किया जा रहा है या नहीं। इससे बचाव करने वाले व्यक्ति को हर बार किसी दूसरे उपकरण की स्क्रीन देखने या अलग से निर्देश लेने की जरूरत नहीं होती।

## कांग्रेस एसआइआर विरोध आंदोलन को ताकत बढ़ाने का जरिया बनाती दिख रही

**अनुष्का कश्यप/एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस चुनाव आयोग के विवादित एसआइआर के आंदोलन को अपने संगठन को जगाने और उसकी ताकत बढ़ाने का जरिया भी बनाती दिख रही है। सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने के शुरू हुए अपने आंदोलन वोट बचाओ, देश बचाओ के कार्यानवयन और जमीनी निगरानी के लिए पार्टी द्वारा 200 से अधिक एआइसीसी पर्यवेक्षकों को तैनात करने का फैसला इसका साफ संकेत है।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी वोट चोरी के अपने दावे को लोगों के बीच ले जाने के लिए कांग्रेस अपने नेताओं और संगठन की सक्रिय भागीदारी जरूरी मान रही है। ज्ञानेश कुमार के खिलाफ राजधानी दिल्ली से लेकर राज्यों में हो रहे विरोध प्रदर्शनों में कांग्रेस नेताओं की सक्रियता और भागीदारी की पार्टी हाईकमान अपने स्तर पर रखी सीधी मानटिरिंग इसी ओर इशारा कर रहे हैं।

एसआइआर तथा सीईसी के विरूद्ध पार्टी का आंदोलन इस लिहाज से भी अहम है कि राजधानी दिल्ली में एक नवंबर को रामलीला मैदान में वोट चोरी के खिलाफ अपनी बड़ी रैली में कांग्रेस के लिए भीड़ जुटाने की भी चुनौती है। इस रैली में आइएनडीआइए गठबंधन के प्रमुख नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा और पार्टी बड़ी संख्या में तमाम राज्यों से उन लोगों को भी जुटाने का प्रयास करेगी जिनके नाम एसआईआर प्रक्रिया के दौरान वोटर लिस्ट से काटे गए हैं।

सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी के नेतृत्व में बीते हफ्ते ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष के सुप्रीम कोर्ट मार्च से बने राजनीतिक मोमेंटम को कांग्रेस नेतृत्व शिथिल नहीं होने देना चाहता। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी नेताओं के लिए राहुल गांधी की बुलाई चाय बैठक के अगले दिन पार्टी के प्रमुख नेतओं से इस मार्च की सफलता और आगे की रणनीति पर मंत्रणा की।

इसमें वोट बचाओ, देश बचाओ आंदोलन की शीर्ष स्तर पर निगरानी ही नहीं जमीन पर कारगर बनाने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्णय लिया गया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसके बाद ही अभियान के समन्वय, पर्यवेक्षण और निगरानी के लिए 208 पार्टी नेताओं को एआइसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने की घोषणा की।

कांग्रेस का राज्यों में पर्यवेक्षकों की इस बड़ी संख्या में तैनाती का लक्ष्य एसआइआर-ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आंदोलन की गूंज को जमीन तक ले जाकर इसका विस्तार करना है। इसीलिए अधीर रंजन चौधरी, पृथ्वी राज चौहान, अविनशन पांडे, राजीव शुक्ला, नाना पटोले, डा अजय कुमार, अजय कुमार लल्लू से लेकर लगभग सभी राज्यों के कई वरिष्ठ नेताओं को भी पर्यवेक्षक बनाया गया है। पर्यवेक्षकों को जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन को प्रभावी तरीके से कार्यान्वित करने के साथ ही प्रदेश नेताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने का जिम्मा दिया गया है। जाहिर तौर पर पर्यवेक्षक इसके बाद अपने-अपने प्रभार वाले राज्यों-जिलों में आंदोलन और नेताओं की भागीदारी की रिपोर्ट भी हाईकमान को सौंपेंगे।

## केंद्र सरकार को अब तक जानकारी नहीं दी

**अनुष्का कश्यप/एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने केंद्र सरकार को अब तक यह जानकारी नहीं दी है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मासिक धर्म स्वच्छता को मौलिक अधिकार का हिस्सा घोषित करने के फैसले को किस तरह लागू किया जा रहा है। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि अगर फैसले में कही गई हमारी बातें सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहने वाली हैं तो केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस मौलिक अधिकार को कैसे लागू करेंगे?

पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने मासिक धर्म की स्वच्छता और मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 का एक हिस्सा घोषित किया है। यह अनुच्छेद जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा से संबंधित है। पीठ ने कहा कि एक सितंबर को उसने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे अदालत की ओर से चिह्नित की गईं खामियों पर ध्यान दें और सुनवाई की अगली तारीख तक इस संबंध में रिपोर्ट पेश करें।

शीर्ष अदालत ने 30 जनवरी को दिए गए एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य का अधिकार भी शामिल है।

केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि भारत सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया। पीठ ने कहा कि यह फैसला उन लड़कियों के हित में है, जो मासिक धर्म की समस्याओं के कारण पढ़ाई छोड़ देती हैं।

# सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहारों को मनाने की अपील





**नितिन कुमार सिंह, बागपत।** जिलाधिकारी दिव्यांशु पटेल एवं पुलिस अधीक्षक पूर्णेन्दु सिंह ने रामनवमी एवं विजयदशमी के दृष्टिगत रविवार को शाम को बागपत शहर में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल गश्त का उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास का भाव जागृत करना रहा।

इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

पैदल गश्त के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पंडाल में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं से संवाद किया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि रामनवमी एवं विजयदशमी के पर्व को आपसी प्रेम, भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी लोग प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं पर नजर रखें, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें।

जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि सभी लोग आपसी सद्भाव एवं सामाजिक समरसता के साथ त्योहार मनाएं तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर एसडीम बागपत दिग्विजय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकार सुकन्या शर्मा अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल सहित आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति की निर्धारित सीटें दोगुनी

**प्रमोद कश्यप/एजेंसी, लखनऊ।** मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति की निर्धारित सीटें दोगुनी कर दी गई हैं। पहले जहां 1410 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने का प्रविधान था, वहीं अब 2820 विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सकेगा। किसानों और खेतिहर मजदूरों के मेधावी बच्चों को अब उच्च कृषि शिक्षा के लिए अधिक आर्थिक सहायता मिलेगी। इसके साथ ही छात्रवृत्ति की राशि भी सालाना 36 हजार रुपये से बढ़ाकर 60 हजार रुपये कर दी गई है।

राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद की योजना में विद्यार्थियों को हर महीने पांच हजार रुपये मिलेंगे। पहले यह तीन हजार रुपये थी। योजना का उद्देश्य किसान और खेतिहर मजदूर परिवारों के मेधावी बच्चों को कृषि शिक्षा हासिल करने में आर्थिक मदद देना है। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक कृषि विश्वविद्यालय और कृषि संस्थान में छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 45 से बढ़ाकर 90 कर दी गई है।

प्रत्येक कृषि महाविद्यालय में 15 के बजाय 30 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। प्रदेश के 11 कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि संस्थानों और 61 कृषि महाविद्यालयों में यह योजना लागू है। कृषि विश्वविद्यालयों और संस्थानों में कृषि स्नातक पाठ्यक्रम के लिए छात्रवृत्ति की सीटें 25 से बढ़ाकर 50 कर दी गई हैं।

गृह विज्ञान स्नातक में छह से बढ़ाकर 12, कृषि स्नातकोत्तर में 10 से बढ़ाकर 20 और गृह विज्ञान स्नातकोत्तर में चार से बढ़ाकर आठ सीटें की गई हैं। कृषि महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर छात्रवृत्ति की सीटें 10 से बढ़ाकर 20 और स्नातकोत्तर स्तर पर पांच से बढ़ाकर 10 कर दी गई हैं। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक 6454 विद्यार्थियों को करीब 22.90 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई है।

# खेकड़ा में बाइक चोरो का आतंक

आयन, बागपत/खेकड़ा। यादव चौक क़स्बा खेकड़ा निवासी अनुज यादव दूधिया ने रविवार को बताया कि दो दिन पूर्व उनकी एक बाइक जो घर के बाहर खड़ी थी। जिससे क़स्बा खेकड़ा में घर घर दूध पहुँचाने का वह कार्य करता था। कोई अज्ञात चोर मौका पाकर उठा ले गया। जिसकी शिकायत खेकड़ा थाना में दे दी है। बतादे कि पहले भी कई बाइक कसबे से चोर उठा चुके है।


कोशिश करो तैयार रहो सेवा करो

# श्रीराम बाजपेयी स्काउट-गाइड एसोसिएशन

पंजीकरण संख्या- S/703/2014-दिल्ली, दिनांक 23 जनवरी 2014, संपूर्ण भारतवर्ष

वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्काउट्स-गाइड्स जर्मनी से भी संबंध

प्रधान कार्यालयः निर्भय एनक्लेव, खेकड़ा ( बागपत ) उ.प्र. पिन-250101

Email:- subhashchand4@gmail.com, Mob- 09837749557- 7906984078



संपूर्ण भारतवर्ष में श्रीराम बाजपेयी स्काउट-गाइड एसोसिएशन ऑफ इंडिया के माध्यम से, स्काउट-गाइड प्रशिक्षण कैंप, स्पोर्ट्स एक्टिविटीज, सिलाई सेंटर हेतु संपर्क करें। स्काउट गाइड संस्थाओं NCC, NSS से जुड़े भाई-बहनो जुड़ने को प्राथमिकता।

( सुभाष चंद कश्यप, राष्ट्रीय महासचिव, श्रीराम बाजपेयी स्काउट गाइड एसोसिएशन )

# 24 घंटे से भी कम समय बाद, शनिवार को अभिजीत दीपके को कुछ शर्तों के साथ जमानत

**तरुण/एजेंसी, नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के नेता अभिजीत दीपके ने फिल्म वीर-जारा से शाहरुख खान के बुजुर्ग लुक वाली एक मजेदार पोस्ट शेयर की है। दीपके ने एक्स पर लिखा, 24 घंटे तक बिना वाईफाई और फोन के रहने के बाद, जेल से बाहर आने पर कैसा लगता है।

दिल्ली पुलिस द्वारा कनॉट प्लेस में तिरंगा यात्रा निकालने की योजना के चलते एहतियातन हिरासत में लिए जाने के 24 घंटे से भी कम समय बाद, शनिवार को अभिजीत दीपके को कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी गई।

दिल्ली पुलिस ने समाचार एजेंसी को बताया कि दीपके को पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने के बाद रिहा किया जाएगा। यह एक लिखित वटन होता है, जिसमें शांति बनाए रखने और लागू शर्तों का पालन करने का वादा करना होता है।

दीपको को तब हिरासत में लिया गया, जब ने कनॉट प्लेस में होने वाले तिरंगा मार्च में शामिल होने के लिए हृष्टक्क-स्रष्टक्कके प्रवक्ता अनीश गवांडे के घर से निकले थे, जहां वे रुके हुए थे। जैसे ही वे घर से निकले, एक पुलिस अधिकारी ने उनसे कहा कि हम आपको एहतियातन हिरासत में ले रहे हैं। कनॉट प्लेस में धारा 163 लागू है। आपको हिरासत में लिया जा रहा है।

हिरासत में लेने से पहले, 10 से अधिक पुलिसकर्मी घर पहुंचे और दीपके को कहा कि वे कनॉट प्लेस में प्रदर्शन न करें। उन्होंने ट्रैफिक जाम, सार्वजनिक सुरक्षा और व्यावसायिक गतिविधियों में बाधा आने की चिंता जताई।

## देश का पारंपरिक आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य बदल चुका

**तरुण/एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने कहा कि देश का पारंपरिक आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य बदल चुका है। आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी पुरानी चुनौतियों पर नियंत्रण पा लिया गया है, जबकि अब साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध प्रवासन जैसे नए खतरे सामने आए हैं। यहां सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में आइपीएस के 78वें बैच की दीक्षा परेड को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संदेश साझा किया।

# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, भारत स्काउट गाइड के नोडल अधिकारी रोवर्स एवं रेंजर्स बने डॉ प्रवीण कुमार

**सुरजीत कुमार, संभल/चंदौसी।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्ययुक्त लखनऊ, डॉ प्रभात कुमार ने 14 अक्टूबर 2026 को एक अधिकार पत्र जारी किया। जिसमें प्रोफेसर डॉ प्रवीण कुमार एस.एम. कॉलेज चंदौसी को भारत स्काउट गाइड, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के नोडल अधिकारी रोवर्स एवं रेंजर्स, नियुक किया।

नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि प्रदेश संस्था, भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था की नियमावली के नियम 19.7 तथा भारतीय स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था की उपनियमावली के नियम 17.1 के अंतर्गत अधिकार का प्रयोग करते हुए प्रोफेसर डॉ प्रवीण कुमार को नोडल अधिकारी रोवर्स एवं रेंजर्स, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद को भारत



स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की विश्वविद्यालय जिला संस्था गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद का जिला आयुक्त (रोवर) नियुक्त किया जाता है।

कार्यकाल की अवधि नियुक्ति की स्थिति से अधिकतम 5 वर्ष अथवा जिला परिषद के कार्यकाल के समकालीन होगी। किसी भी स्थिति में पद रिक्त होने की दशा में जिला आयुक्त पद के कार्यदायित्व जिला मुख्यायुक्त में निहित होंगे।


# भाजपा ने गरीबो को हमेशा धोखा दिया, गरीबो के आरक्षण में दबंगो को शामिल कर गरीबो का पिछले 26 वर्षो से मार दिया, आओ बागपत लोकसभा को भाजपा मुक्त करे

# बागपत लोकसभा की जनता जनार्दन आशीर्वाद दे तो एक बार फिर 2029 में निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा



निवेदक-

## सुभाष चंद कश्यप

पूर्व सांसद प्रत्याशी बागपत लोकसभा 2014 निर्दलीय, 7906984078

पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नंबर 11 जनपद बागपत-2015

राष्ट्रीय महासचिव श्रीराम बाजपेई स्काउट गाइड एसोसिएशन ऑफ इंडिया

पता- कस्बा खेकड़ा जनपद बागपत उत्तर प्रदेश -250101

## सम्पादकीय.....

# एसआईर को लेकर पीएम मोदी व मुख्य चुनाव आयुक्त पर निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एसआईर को लेकर पीएम मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त पर निशाना साधा। वोट चोरी मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को न्याय का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी की एक्सपायरी डेट करीब आ रही है। गोवा के मडगांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल ने बीजेपी पर चुनावी धांधली, भ्रष्टाचार और छात्र प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने मतदाताओं से 2027 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देने की अपील की।

राहुल ने कहा कि ज्ञानेश कुमार वोट चोरी को अंजाम देते हैं। अमित शाह इसे लागू करते हैं, और नरेंद्र मोदी पर्दे के पीछे से पूरी योजना बनाते हैं। राहुल गांधी ने सवाल उठाते हुए कहा कि वोट चोरी के उनके आरोपों को लेकर उनके खिलाफ कोई मानहानि का मुकदमा क्यों नहीं दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ 45 से ज्यादा मानहानि के मुकदमे चल रहे हैं, जो अमित शाह, नरेंद्र मोदी और अन्य लोगों ने दर्ज कराए हैं।

इन 45 मुकदमों के बावजूद, मैं हर मौके पर कहता रहता हूं कि नरेंद्र मोदी वोट चुराते हैं। फिर भी, इस दावे को लेकर मेरे खिलाफ कोई अलग से मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। राहुल गांधी ने कांग्रेस को संविधान का रक्षक बताया। उन्होंने कहा, ज्ञानेश कुमार जानते हैं कि ये लोग कांग्रेस पार्टी के सामने जवाबदेही से नहीं बच सकते, क्योंकि हम संविधान के संरक्षक और रक्षक हैं। संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

पीएम मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार को न्याय का सामना करना पड़ेगा और उन्होंने जो किया है, उसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ेगी। पीएम मोदी पर तंज कसते हुए राहुल गांधी ने कहा उनका 56 इंच का सीना कहां गया? शायद आपने ध्यान नहीं दिया, लेकिन क्या आपने हाल ही में मोदी जी का चेहरा देखा है? आजकल, मोदी जी हमारे सामने खड़े भी नहीं हो सकते। वे और अमित शाह जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें चुनौती दी है और उन्हें घेर लिया है।

दिल्ली में छात्रों के विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा कि दिल्ली में जो हो रहा है, उसे देखिए। छात्रों पर पैलेट गन चलाई जा रही हैं, क्योंकि वे वोट की चोरी, रोजगार और शिक्षा की बढ़ती लागत को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

# अखिलेश यादव को दबंगों के अन्याय का हाल बताया

**प्रमोद कश्यप/एजेंसी, लखनऊ।** रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को विधायक इन्द्रजीत सरोज तथा रायबरेली के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने ऊंचाहार क्षेत्र में पुलिस द्वारा पीडीए परिवार के प्रति दबंगों के अन्याय का हाल बताया। सपा की तरफ से पीड़ित परिवार को एक लाख रूपये की आर्थिक मदद दी गई। उन्होंने बताया कि ऊंचाहार स्थित जगतपुर के गांव उड़वा के प्रधान रमेश मिश्र द्वारा राजू पासी व उनकी पत्नी सीमा देवी को प्रताड़ित किया जा रहा है। आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान द्वारा राजू पासी की चार विस्वा जमीन पर कब्जा कर लिया गया है।

उपजिलाधिकारी द्वारा जमीन पर पीड़ित का कब्जा कराने के बाद प्रधान ने फिर से उसे मारपीट कर जमीन पर कब्जा कर लिया है। साथ ही पीड़िता के साथ बदसलूकी की गई। उसकी मदद करने आई रिद्धिमा सिंह को थाने के अंदर पीटा गया और पुलिस पीड़ितों को न्याय दिलाने की बजाय ग्राम प्रधान की मदद कर रही है। वहीं दूसरी तरफ सपा अध्यक्ष को गाजीपुर निवासी राकेश सिंह यादव ने ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का राघवेश सिंह यादव छुट्टी पर अपने घर आया हुआ था। वह 13 अक्टूबर को बगीचे की तरफ से क्रिकेट खेलकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान कुछ दबंगों ने बिना किसी कारण के उसके साथ गाली-गलौज की। जब जवान ने इसका विरोध किया, तो उक्त लोगों ने उसे गोली मारने का प्रयास किया।

गोली नहीं लगने पर पिस्टल के बट से उनके सिर पर वार कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद जवान को उपचार के लिए ले जाते समय दबंगों ने रास्ते में रोक कर जवान व उसे अस्पताल ले जा रहे पंकज को गोली मार दी। एक गोली पंकज के सीने व दूसरी गोली राघवेश के पैर में लगी। उन्होंने आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# देवेंद्र कश्यप मुजफ्फरनगर में 28 अक्टूबर को भाजपा की पोल खोलेंगे

**सुधीर कश्यप, मेरठ।** सामाजिक न्याय पार्टी जनादेश के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश तुरैहा ने बताया कि 28 अक्टूबर को जीआईसी मैदान, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर में ओबीसी आरक्षण एवं अनुसूचित जाति आरक्षण के वर्गीकरण को लेकर, सामजिक न्याय पार्टी के तत्वाधान में प्रथम विशाल महारैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे हजारो लोगो दूर दरार से भी पहुंचेंगे।

उन्होंने आवाहन किया कि ओबीसी आरक्षण एवं अनुसूचित जाति आरक्षण पर भाजपा ने डाका डाला हुआ है। उन्होंने बताया कि देवेंद्र कश्यप राष्ट्रीय अध्यक्ष सामाजिक न्याय पार्टी जनादेश 28 अक्टूबर को भाजपा की पोल खोलेंगे।




केशरी दर्पण समाचार पत्र के ऑनलाइन पत्रकार बने।
www.kesharidarpan.com
पर रजिस्टर/लॉगिन करे।
KD www.kesharidarpan.com
सम्पादक सुभाष चंद
9837749557

# विशेष सघन पुनरीक्षण का विरोध कर रहे विपक्षी दलों की ओर से बार बार 13 करोड़ नाम हटाए जाने का आंकड़ा

**तरुण/एजेंसी, नई दिल्ली।** विशेष सघन पुनरीक्षण का विरोध कर रहे विपक्षी दलों की ओर से बार बार 13 करोड़ नाम हटाए जाने का आंकड़ा दिया जा रहा है। जिसमें मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट और डिसप्यूटेड शामिल है। एक बड़ी बात जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है कि 21 साल के अंतराल न हुआ होता तो संभवत= आंकड़े भी कम ही आते।

जिस एसआईआर को शुरूआत में हर पाच साल में कराने की परंपरा रही थी, वह 1984 के बाद सात आठ साल के अंतराल पर चला गया और 2004 के बाद से तो इसे लगभग भुला ही दिया गया था। इसी बीच 2012 में ईआरओ हैंडबुक में कुछ ऐसे परिवर्तन किए गए जिसके कारण मृत या स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम हटाने का काम भी लगभग रुक चुका था।

एसआईआर 2025 से पहले आठ बार हो चुका है। जो 2004 तक यह लगातार पांच से सात सालों के अंतराल में होता आया है। इसका क्रम तब टूटा, जब 2012 में चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को शुद्ध रखने के लिए एसआईआर की जगह सालाना होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को प्राथमिकता दी। जिसके चलते पिछले 22 सालों से मतदाता सूची को सिर्फ एसएसआर के जरिए ही दुरुस्त करने की खानापूर्ति की गई है।

दो दशकों में मतदाता सूची में बड़ी संख्या में मृत, स्थानांतरित व दोहरे मतदाताओं की भरमार हो गई। जो देश के अलग-अलग राज्यों में हो रहे एसआईआर के दौरान सामने आ रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि ऐसे नामों को एसएसआर के दौरान क्यों नहीं हटाया गया। तो इसके पीछे भी कई बड़ी वजह सामने आयी है।

पहला एसआईआर के दौरान जहां घर-घर मतदाताओं की जांच होती है, जिसमें मृत, स्थानांतरित, दोहरे मतदाताओं की पहचान आसानी से हो जाती थी। एसएसआर के दौरान मतदाता पुनरीक्षण घर-घर जाकर नहीं होता है बल्कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं या परिवार को लोगों को आकर यह बताना होता है, कि कौन मृत हो गया है या कौन स्थानांतरित हो गया है। मतदाता सूची में गड़बड़ियों के बढ़ने की शुरूआत यहीं से हुई।

2012 में दिक्कत तब खड़ी हो गई जब तत्कालीन चुनाव आयोग ने ईआरओ हैंडबुक में नामों को हटाने को लेकर बड़ा बदलाव कर दिया। हालांकि आयोग ने इस व्यवस्था को पारदर्शिता के लिहाज से की थी लेकिन ये ही मतदाता सूची में गड़बड़ियों के बढ़ने की बड़ी वजह बन गया। इसके चलते मृत मतदाताओं के नामों को हटाने के लिए आवेदन के साथ प्रमाण पत्र मांगा जाने लगा।

इस बदलाव में स्थानांतरित होने वाले मतदाताओं के नियम भी कड़े कर दिए। जिसमें मतदाता का नाम जब तक स्थानांतरित जगह पर दर्ज नहीं हो जाता था और उसकी सूची राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के जरिए मुहैया नहीं करायी जाती थी, जब मूल जगह से नाम नहीं हटता था। यदि कोई स्थानांतरित होने पर नामों को हटाने के लिए आवेदन करता था तो उससे पहले दूसरा जगह जहां रहने गए है, वहां किरायानामा, बिजली का बिल आदि की मांग की जाती थी। हुआ यह कि लोग इस कागजी जंजाल से बचने लगे। नतीजतन बड़ी संख्या में लोगों के नाम दो जगहों पर बने रहे। 2012 से पहले बीएलओ या परिवार के लोगों की सूचना पर ही हटा दिया जाता था। साथ ही ड्राफ्ट सूची मतदान केंद्र पर चस्पा कर दी जाती थी। आपत्ति होने पर सुनवाई के नोटिस भेजा जाता था।

लोक प्रतिनिधित्व कानून 1950 के तहत मतदाता सूची का पुनरीक्षण तीन तरह से हो सकता है। इनमें सघन पुनरीक्षण, जिसमें घर-घर जाकर जांच होती थी, दूसरा- संक्षिप्त पुनरीक्षण- यह वार्षिक प्रक्रिया थी, जो मतदान केंद्र पर ही संचालित होती थी, तीसरा- विशेष पुनरीक्षण- आयोग जब चाहे, जिस क्षेत्र में मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए ऐसे अभियान चला सकता

# जगह-जगह पूजन सामग्री से लेकर अन्य तरह की सामग्री देखी जाती

**तरुण/एजेंसी, नई दिल्ली।** राजधानी क्षेत्र यमुना में जगह-जगह पूजन सामग्री से लेकर अन्य तरह की सामग्री देखी जाती है। खासतौर पर घाटों और यमुना के ऊपर गुजरने वाले पुलों के पास यह स्थति ज्यादा खराब होती है। इसी की सफाई के लिए पीएम मोदी लोकसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना चलो अभियान का आह्वान किया।

इस अभियान में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, केंद्रीय राज्यमंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, महापौर प्रवेश वाही, दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्यों ने, सांसद रामवीर बिधूड़ी, योगेंद्र चांदोलिया, प्रवीन खंडेलवाल, बांसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत के साथ विधायकों और पार्षद भाजपा पदाधिकारियों और स्वयंसेवी संगठनों ने श्रमदान कर यमुना को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। दिल्ली के 70 घाटों पर यह मेगा स्वच्छता अभियान चला।

आइटीओ के घाट पर सीएम ने स्वयं कूड़े, खंडित मूर्तियों और पूजन सामग्री को साफ किया।

इस दौरान सीएम ने कहा कि यमुना की स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व है। उन्होंने दिल्लीवासियों से 'यमुना प्रहरी' बनकर नदी के संरक्षण में योगदान देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना में किसी भी प्रकार की गंदगी न पहुंचे, इसके लिए लोगों को अपने व्यवहार में बदलाव लाना होगा। उन्होंने लोगों से धार्मिक सामग्री और कचरा यमुना या उसके घाटों पर नहीं छोड़ने का आग्रह किया।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा जगतपुर गांव के पास श्याम घाट पर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए कहा कि यमुना ने पीढ़ियों से हमारी सभ्यता और आजीविका को सहारा दिया है। नदी की सफाई की सफलता केवल कचरा हटाने से नहीं, बल्कि उसमें स्वच्छ जल का प्रवाह बहाल होने और घाटों के फिर से उपयोगी सार्वजनिक स्थल बनने से तय होगी।

नोटः पत्र में छपे लेख, लेखकों के निजी विचार है, सम्पादक का इनसे सहमत होना अनिवार्य नहीं है। आप स्वयं जांच करें। किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र बागपत होगा।

RNI. No. UPHIN/2010/36806, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक सुभाष चन्द ने इण्डियन प्रेस, राजेन्द्र नगर, मेरठ से छपवाकर कार्यालय ग्राम वाजिदपुर, पोस्ट तहसील बडौत, जिला बागपत से प्रकाशित किया। सम्पादकः सुभाष चन्द, मो. 9837749557, प्रबन्धक सम्पादकः राजवीर सिंह , (किसी भी विवाद के लिए बागपत न्यायालय मान्य)